सुविचार कभी-कभी तभी बोलना शुरू करे जब यकीन हो कि जो कहना है उसे अनकहा रहने देना बेहतर नही।

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -२ अंक -४० सोमवार –३१/०३/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### कहाँ गई संवेदनशीलता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना और सलवार का नाड़ा खींचना रेप की कोशिश नहीं है। यह टिप्पणी उन महिलाओं को हतोत्साहित करने और उनका मखौल उड़ाने जैसी थी, जो यौन उत्पीड़न जैसे अपराध की शिकार हैं और न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यौन उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट को फिर से दखल देना पड़ा और इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगानी पड़ी। यह जितना राहत भरा है, उतना ही चिंताजनक भी। देश की शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के जज को नसीहत देना बताता है कि महिलाओं को लेकर समाज में जितनी संवेदनशीलता होनी चाहिए थी, उतनी है नहीं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना और सलवार का नाड़ा खींचना रेप की कोशिश नहीं है। यह टिप्पणी उन महिलाओं को हतोत्साहित करने और उनका मखौल उड़ाने जैसी थी, जो यौन उत्पीड़न जैसे अपराध की शिकार हैं और न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें हिम्मत मिली होगी कि न्याय का पलड़ा उनके पक्ष में है। अदालती फैसले केवल कठघरे तक सीमित नहीं रहते। इनका असर व्यापक समाज पर पड़ता है। इससे भविष्य में अपराधियों को दंड और पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। दुर्भाग्य से मौजूदा मामले की एक टिप्पणी अगर कायम रहती, तो आगे चलकर रेप से जुड़े मामलों में महिलाओं को इंसाफ दिलाना मुश्किल हो सकता था। हाईकोर्ट के फैसले में कहा गया था कि अपराध की तैयारी और उसके प्रयास में मुख्य अंतर केवल इरादे की मजबूती का होता है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी गलत बताया।

## कठुआ एनकाउंटर -रूई गाँव मे दिखे तीन आंतकी घर मे घुसकर खाना माँगा, बच्चे को किडनेप किया, सैना ने चलाया ओपरेशन

**काठुआ के सान्याल इलाके में आंतकी छिपे होने की खबर के बाद 23 मार्च से सर्च ऑपरेशन सैना ने चलाया**

जम्मू के कठुआ जिले में 4 दिन से चल रहा ऑपरेशन साफियान रविवार को रुका रहा। इसका फायदा उठाते हुए जंगलों में छिपे 3 आतंकी जुथाना के रुई गांव में देखे गए। रविवार शाम करीब 7रू45 बजे काले कपड़े पहने ये तीनों एक घर में घुसे। जहां उन्होंने खाना–पानी मांगा। खाने के बाद वे घर में मौजूद एक 13 साल के बच्चे को अपने साथ ले गए। हालांकि बच्चा पहाड़ी से कूदकर भागने में कामयाब रहा।
संदिग्ध गतिविधि की खबर मिलते ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया



है। अंधेरे की वजह से सर्चिंग नहीं हो सकी। सुबह होने आतंकियों की तलाश की जाएगी।एक दिन पहले पुलिस ने कहा था कि आतंकी 10 किमी के दायरे में जाखोले की ऊंची पहाड़ियों में ही छिपे हैं, यहां घने जंगल और गुफाए भी हैं। पांचों आतंकी स्थानीय लोगों की मदद से 4 दिन से टिके हुए हैं। हथियार देखकर भाग गए घर के पुरुष – मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जब तीनों आतंकी रुई गांव पहुंचे तो वे करतार सिंह नाम के एक शख्स के घर में घुसे। हथियारबंद लोगों को देखकर परिवार के पुरुष सदस्य एक बुजुर्ग महिला और 13 साल के लड़के को छोड़कर भाग गए। इसके बाद आतंकियों ने खाना खाया और बच्चे को पकड़कर अपने साथ ले गए। बच्चा उनके चंगुल से छूटकर भागने में कामयाब रहा।

## मोदी के मन की बात में हिंन्दु नववर्ष की शुभकामनाएँ ,पीएम ने गर्मी की छुट्टीयो के लिए बच्चों को टास्क दिया।

**मोदी ने मन की बात का १२० वा एपीसोड विंक्रम संवत २०८२ मे देश को करा संबोधीत ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 120वें एपिसोड में हिंदू नववर्ष का जिक्र किया। उन्होंने देशवासियों को चौत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। पीएम ने कहा कि आज से भारतीय नववर्ष की भी शुरुआत हो रही है। यह विक्रम संवत 2082 की शुरुआत है। साथ ही आज गुड़ी पाड़वा का भी दिन है। यह बेहद पावन दिन है। ये त्योहार भारत की विविधता में एकता का एहसास कराते हैं। उन्होंने इसबार परीक्षा देकर लोटे छात्रों के लिए नए टास्क दिए




हैं।उन्होंने कहा कि इस बार गर्मियों में आपको कुछ नया सीखना है और उसको माय होलीडे के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करना है। इससे पहले 23 फरवरी को पीएम ने मन की बात के 119वें एपिसोड में स्पेस सेक्टर, नारी शक्ति, चौंपियंस ट्रॉफी–क्रिकेट पर चर्चा की थी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खेलो इंडिया, वन्य जीवों और फिटनेस जैसे मुद्दों पर भी बात की थी। इससे पहले 23 फरवरी को पीएम ने मन की बात के 119वें एपिसोड में स्पेस सेक्टर, नारी शक्ति, चौंपियंस ट्रॉफी–क्रिकेट पर चर्चा की थी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खेलो इंडिया, वन्य जीवों और फिटनेस जैसे मुद्दों पर भी बात की थी।

## मोदी बोले आरएसएस अमर संस्कृति का वट वृक्ष , स्वंय सेवक का जीवन निस्वार्थ।

प्रधानमंत्री मोदी नागपुर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। मोहन भागवत के साथ मिलकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

## बिलासपुर में मोदी बोले देश मे बिजली खस्ताहाल थी आज हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही।

**मोदी छत्तीसगढ दौरे पर है यहा बहुत से प्रोजेक्ट्स लान्च करेगे**



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए हैं। भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बिठाई है। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था का बुरा हाल था। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। आज हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घर में जीरो बैलेंस के लिए पीएम सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाकर बेच सकेंगे। मोदी ने कहा कि ईमानदार प्रयासों का नतीजा है कि भाजपा पर लोगों का भरोसा बढ़ता जा रहा है। विधानसभा और लोकसभा के बाद निकाय चुनावों में भी भाजपा का परचम लहराया है। छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा सरकार के प्रयासों को अपना भरपूर समर्थन दे रही है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। रामनामियों ने शरीर भगवान राम को समर्पित किया है।

## मणिपुर समेत तीन राज्यों मे सशस्त्र बल विशेष (AFSPA ) छः महिन बढा

**मणिपुर मे जारी हिंसा के कारण कानुन व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया ।**



AFSPAलागू होने से सेना और अर्ध–सैनिक बल इन इलाकों में कभी भी किसी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकते हैं। केंद्र सरकार ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम AFSPA को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है।गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, मणिपुर में जारी हिंसा के कारण कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक AFSPA लागू रहेगा। इससे पहले सितंबर 2024 में मणिपुर के 6 जिलों में छह महीने के लिए AFSPA लागू किया गया था। यह इसी साल 31 मार्च को समाप्त हो रहा था, लेकिन राज्य में जारी हिंसा के चलते अब यह फैसला लिया गया है।

## कामाख्या एक्सप्रेस पटरी से उतरी एक की मौती पच्चीस की मौत

**11 कोच पटरी से उतरे रेलवे ने सभी यात्री सुरक्षित बताएँ**



पीआरओ अशोक मिश्रा ने बताया कि हादसा रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। 11 एसी कोच पटरी से उतर गए हैं। ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु–कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हैं। मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर भेजी गई है। हादसा सुबह 11 54 बजे नेरगुंडी स्टेशन के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या ले जाने के लिए विशेष ट्रेन 4रू10 बजे घटनास्थल पर पहुंच गई है।
इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के पीआरओर अशोक मिश्रा ने बताया था कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी ।छप् की तरफ से जारी विजुअल्स में एक घायल स्ट्रेचर पर ले जाए जाते दिख रहा था।

## शाह का बिहार दो दिन का बिहार दौरा।

**टिकट नही मिलने से थे नाराज**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिनों के बिहार दौरे पर हैं। गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करते उन्होंने हुए कहा, शबिहार को तय करना है कि लालू–राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी–नीतीश के विकास की राह पर जाना है। अपने 20 मिनट के भाषण में शाह ने लालू यादव और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा, श्जो काम कांग्रेस पार्टी 65 साल में नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने 10 साल में किया है। छक। की पांच साल और सरकार बनाइए। शाह ने दावा किया कि श्अगर हमारी फिर से सरकार बनती है तो हम बिहार को बाढ़ से मुक्त करा देंगे। बंद चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे।लालू एंड कंपनी ने बहुत अड़ंगे लगाए, लेकिन मोदी ने 500 साल बाद राम मंदिर बनवाया। अब बिहार में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। शाह ने छठ पूजा का भी जिक्र किया।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













**(1)** गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

**(2)** होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

**(3)** ई-पेपर केटेगिरी चुने

**(4)** समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।

**स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)**



**https//:sbpatra.in**



**पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध**

# कनाडाई पीएम ने कहा अमरिका के साथ पुराने रिश्ते खत्म टैरिफ का जवाब देंगे

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने ओटावा में टैरिफ को लेकर सवालों के जवाब दिए।




कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका–कनाडा के पुराने रिश्ते अब खत्म हो चुकेहैं। ट्रम्प के विदेशी कारों पर 25: टैरिफ लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद कनाडाई पीएम ने यह बात कही। राजधानी ओटावा में कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा कि कनाडा का अमेरिका के साथ वो पुराना रिश्ता जो बुनियादी तौर पर अर्थव्यवस्था को एकजुट रखने, सुरक्षा और सैन्य सहयोग को आगे बढ़ाने पर बना हुआ था, अब नहीं रहा।


कार्नी बोले– कब्जे की धमकी देना, कनाडा की संप्रभुता का अपमान कार्नी ने ये भी कहा कि वे ट्रम्प से अगले 1–2 दिनों में बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा

मैं उनसे बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन वे अमेरिका के साथ तब तक किसी व्यापार वार्ता में हिस्सा नहीं लेंगे जब तक ट्रम्प, कनाडा के लिए सम्मान नहीं दिखाते। वे बार–बार कनाडा पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। यह कनाडा की संप्रभुता का अपमान है।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की कार मे विस्फोट ,धमाके से पुतिन को कोई नुकसान नही l

26 मार्चा को युक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेस्की ने दावा किया था जल्द पुतिन की मौत होगी।





मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी ,फ,सबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त पुतिन न तो इस कार के आस–पास थे और न ही यह कार उनके किसी काफिले में शामिल थी।हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। इसके बाद से पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई है। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल यह कार गिफ्ट की थी। इसे रूस में बनाया जाता है।

# चीनी राष्ट्रपति ने बांग्लादेश के अंतरिम पीएम से मुलाकात की , जिनपिंग बोले हम अच्छे पडोसी दोस्त ओर पार्टनर l

जिनपीग का अंतरीम सरकार को सर्मथन का भरोसा ,नौ समझोतो पर दोनो देशो ने हस्ताक्षर किए

इस मुलाकात में शी जिनपिंग ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस खान ने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मौके पर जिनपिंग ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया जिनपिंग ने कहा आपसी भरोसे के आधार पर चीन बांग्लादेश का अच्छा पड़ोसी, अच्छा दोस्त और अच्छा पार्टनर बना रहेगा। वहीं, यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बताया कि दोनों ने मिलकर नौ समझौते पर साइन किए। इनमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर एक समझौता (एग्रीमेंट) और आठ समझौता ज्ञापन पर थे। ये समझौते प्राचीन ग्रंथों के अनुवाद और प्रकाशन, सांस्कृतिक विरासत, समाचार आदान–प्रदान, मीडिया, खेल और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग से जुड़े हैं।

बिना टैक्स दिए चीनी मार्केट में सामान में बेच सकेगा बांग्लादेश – बैठक के बाद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि यह गर्मजोशी, आपसी समझ और सकारात्मकता से भरी रही। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जिनपिंग ने बांग्लादेश के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने, वहां चीनी कंपनियों के कारखाने खोलने और बांग्लादेशी उत्पादों को बिना किसीटैक्स के अपने बाजार में जगह देने की बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बैठक में व्यापार, निवेश, कृषि, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और रोहिंग्या मुद्दे सहित कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान चीन ने वादा किया कि 2028 तक बांग्लादेशी सामान बिना टैक्स और बिना कोटा के चीनी बाजार में बेचा जा सकेगा। चार दिन की चीन यात्रा पर गए हैं यूनुस – यूनुस बुधवार को चार दिन की चीन यात्रा पर गए हैं। यहां पहुंचकर उन्होंने हैनान में एशिया एनुअल कॉन्फ्रेंस के तहत चीन के बोआओ फोरम में भाग लिया। इसके बाद वे गुरुवार को बीजिंग पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर चीन के उप विदेश मंत्री सन वीडॉन्ग ने उनका स्वागत किया।

# नेपाल में राजा को सत्ता सौपने के लिए हिंसक प्रदर्शन काठमांडू में आगजनी के बाद एक की मौत

राजशाही की माँग के लेकर नेपाल मे हो रहा विराध प्रर्दशन



नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस घटना में एक युवक की मौत भी हो गई।प्रशासन ने काठमांडू में कर्फ्यू लागू कर दिया है। इस आंदोलन में 40 से ज्यादा नेपाली संगठन शामिल हुए। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगा रहे थे। उन्होंने सरकार को एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगों पर एक्शन नहीं लिया गया तो और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन होगा। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसके बाद से ही देश में 'राजा लाओ, देश बचाओ' आंदोलन को लेकर तैयारियां चल रही थीं।

# सीरिया में कार्यवाहक सरकार का गठन , कोई प्रधानमंत्री नही

अंतरिम राष्ट्रपति ने 23 मंत्रीयो को नियुक्त किया



सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के तख्तापलट के 4 महीने बाद कार्यवाहक सरकार का गठन किया गया है। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने 23 मंत्रियों को सरकार में नियुक्त किया है। जुलानी शनिवार देर रात इसकी घोषणा की।मंत्रिमंडल में एक ईसाई महिला को भी शामिल किया गया है। खुफिया विभाग के चीफ अनस खत्ताब कोदेश को नया गृहमंत्री बनाया गया है। इसके अलावा भी कई नए चेहरे सरकार में शामिल किए गए हैं। सरकार में प्रधानमंत्री का पद नहीं रखा गया है। इसकी जगह राष्ट्रपति जुलानी एक महासचिव नियुक्त करेंगे। यह कार्यवाहक सरकार अगले पांच वर्षों तक सत्ता में रहेगी। इस दौरान एक स्थायी संविधान को अपनाया जाएगा और चुनाव कराए जाएंगे।

दिसंबर 2024 में बशर अल असद का तख्तापलट किया था अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्तापलट किया था। जुलानी के नेतृत्व वाले भ्ज्ै संगठन ने सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह शुरू किया था। कुछ दिनों में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही असद खानदान की 54 पुरानी हुकूमत खत्म हो गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल असद ने भागकर मॉस्को में शरण ली थी।

मेडिकल की पढ़ाई छोड़, आतंक से जुड़ा जुलानी – जुलानी को अहमद अल–शरा नाम से भी जाना जाता है। उसने साल 2000 में उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। एक लिबरल इस्लाम वाले माहौल में पला–बढ़ा जुलानी जब कॉलेज पहुंचा तो उसका सामना कट्टर इस्लाम वाली विचारधारा रखने वाले लोगों से हुआ। 2003 में जब उसे लगा कि अमेरिका इराक पर हमला करने वाला है तो वह परेशान हो गया और मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर जंग लड़ने चला गया। इराक पहुंचकर जुलानी, अल कायदा के संपर्क में आया। जून 2006 में उसे अमेरिकी सेना ने पकड़कर जेल भेज दिया था। जेल में रहने के दौरान जुलानी, बगदादी से जुड़े लोगों के संपर्क में आया। 2011 में जेल रिहा होने के बाद उसने सीरिया में कई हमलों को अंजाम दिया। उसने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल–नुस्र का गठन किया।

# हुती विद्राहियों ने इजराइल और अमेरिकी पौतो पर मिसाईल अटैक का दावा किया



ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने एक इजरायली हवाई अड्डे और सेना के ठिकाने के साथ–साथ एक अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाया। इसके कुछ देर पहले ही इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइलों को रोकने की जानकारी दी थी। हूती सैन्य प्रवक्ता यह्या सरीए ने कहा, 'हमने एक बैलिस्टिक मिसाइल से बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाया और तेल अवीव के दक्षिण में एक मिलिट्री टारगेट पर भी अटैक किया।'

इससे पहले गुरुवार को इजरायली सेना ने कहा था कि उन्होंने यमन से दागी गईं दो मिसाइलों को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले रोक दिया।

सरीए ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने रेड सी (लाल सागर) में दुश्मन के युद्धपोतों को निशाना बनाया, जिनमें अमेरिकी यूएसएस हैरी एस ट्रूमन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह हमला हमारे देश के खिलाफ जारी अमेरिकी आक्रामकता के जवाब में किया गया है। अमेरिका ने 15 मार्च को हूती ठिकानों पर हवाई हमलों के साथ एक बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया, जिसे उसकी सेंट्रल कमांड ने अंजाम दिया।

# म्यामार और थाईलैड में तबाही



म्यांमार में आज सुबह 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप के झटके म्यांमार, थाईलैंड के अलावा भारत, बांग्लादेश और चीन में महसूस किए गए। इन 5 देशों के अलग–अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। म्यांमार के मंडाले एयरपोर्ट पर मौजूद लोग टेक्सी वे पर ही बैठ गए। इस दौरान कई बिल्डिंग्स जमींदोज हो गई। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारिक बेबसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोई वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। - सम्पादक मधुसूदन शर्मा